**नीतीश मिश्रा**
**पूर्व मंत्री**
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

**Ref: 297/2021**
**Dt-24-8-2021**

**माननीय अनुराग जी,**

विषयः– **"खेलो इंडिया योजना" के तहत मिथिला की हृदयस्थली में बसा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को खेल अवसंरचनाओं के निर्माण की स्वीकृति देने के संबंध में।**

विगत दिनों संपन्न हुये टोकियो ओलम्पिक 2020 में भारत का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से जनता की आशाओं एवं देश के खेल प्रतिभागियों में एक नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रतिभागियों के साथ हुए संवाद से देश युवाओं की उम्मीद बढ़ी है कि खेल और खिलाड़ियों के दिन बहुरेंगे।

आपके युवा व्यक्तित्व, कर्मठ कार्य–कुशलता एवं विस्तृत संगठन क्षमता को दृष्टिगत रखते हुये माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय का कार्यभार सौंपा है, यह हम सबों के लिए सुखद है।

आपका ध्यान मैं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की ओर आकृष्ट करना चाहता हुँ, जिसकी स्थापना 5 अगस्त 1972 को हुई थी। यह विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों एवं संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर, पी॰एचडी एवं डी॰लिट की उपाधि प्रदान करता है।

सन् 2022 कई मायनों में ऐतिहासिक वर्ष होगा, भारत की आजादी के 75वाँ वर्ष के अवसर पर अमृत महोत्सव मना रहा है। ललित नारायण विश्वविद्यालय, दरभंगा मिथिलांचल की गौरवमयी परम्परा के अनुरूप विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं लोक कलाओं की जीवंतता को साकार करते हेतु वर्ष 2022 में ही अपने स्थापना काल के 50वीं॰ वर्षगांठ मनायेगा। यह विश्वविद्यालय उत्तर बिहार के शिक्षा के प्रमुख केन्द्र के रूप में स्थापित है। यह भी सुखद संयोग है कि वर्ष 2022 में विश्वविद्यालय अपनी 50वीं॰ वर्षगांठ के साथ स्वनामधन्य बिहार विकास के परिकल्पना के नायक, पूर्व रेलमंत्री श्रद्धेय ललित नारायण मिश्र जी का (जिनके नाम पर इस विश्वविद्यालय का नामकरण हुआ है) 100वीं॰(शताब्दी) जयंती वर्ष भी है। ज्ञात है कि श्रद्धेय मिश्र जी 2 जनवरी 1975 को रेलवे द्वारा समस्तीपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुए बम विस्पोट में देश के लिए प्राणों की आहूति दी थी।

मिथिला में खेल के प्रति रूझान अधिक है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में युवा अपना समुचित प्रदर्शन कर नहीं पाते हैं। दरभंगा में युवाओं को खेल की बुनियादी

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitı www.jhanjharpur.co.in

सुविधा उपलब्ध कराया जाय तो यहां के खेल प्रतिभागी भी राज्य एवं देश स्तर पर अपनी दक्षता सिद्ध कर सकते हैं। खेल के बुनियादी सुविधा में अवसंरचनाओं की भूमिका प्रमुख होती है।

खेल मंत्रालय द्वारा देश में खेलों के विकास हेतु "खेलो इंडिया योजना" के तहत राज्यों में खेल अवसंरचना के निर्माण कराने का निर्णय लिया है, जो सराहनीय है।

दरभंगा में स्थापित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को दो खेल अवसंरचना यथा फुटबॉल मैदान एवं बहुद्देशीय हॉल के निर्माण हेतु प्रासंगिक पत्र में अंकित पृच्छाओं का निराकरण महाप्रबंधक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, पटना से कराकर संशोधित प्राक्कलन मूल रूप में अग्रेतर कार्रवाई हेतु निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण(खेल), कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना द्वारा पत्रांक 3/खेल1–15/2020/1136 दिनांक 14.12.2020 को अवर सचिव युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया है।

अतः आपसे आग्रह है कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की 50वीं॰ स्थापना वर्ष एवं पूर्व रेलमंत्री श्रद्धेय ललित नारायण मिश्र जी की 100वीं॰ वर्षगांठ की सुखद संयोग के अवसर पर आपके सद्प्रयास से "खेलों इंडिया योजना" के तहत उक्त विश्वविद्यालय को दो खेल अवसंरचनाओं की स्वीकृति मिल जाती है तो खेल के क्षेत्र में महानगरों की भाँति मिथिला के युवा भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

**शुभकामनाओं के साथ,**

भवदीय

Nitish Mishra

**(नीतीश मिश्रा)** 24.8.2021

सेवा में,

श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी,
माननीय मंत्री,
सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय,
भारत सरकार,
नई दिल्ली।